# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website: www.bvvjdp.ac.in

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्यवरान निबोधत


क्रमांक /841/A-6/अका./कार्यपरिषद/2023 जगदलपुर, दिनांक ......./09/2023

20 SEP 2023

## कार्यवृत्त
## कार्यपरिषद की 48वीं बैठक
## दिनांक 20.09.2023

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर के कार्यपरिषद की 48वीं बैठक दिनांक 20.09.2023 को अपरान्ह 12.30 बजे विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए :–

| | |
|---|---|
| 1. प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलपति | पदेन अध्यक्ष |
| 2. श्री लखेश्वर बघेल, माननीय विधायक | सदस्य |
| 3. श्री चंदन कश्यप, माननीय विधायक | सदस्य |
| 4. श्री अरविंद नेताम, पूर्व केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार, | सदस्य |
| 5. श्री कमलेश रायस्त, संभागीय संयुक्त संचालक, | सदस्य |
| 6. डॉ. के. इंदिरा, प्राध्यापक एवं संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय, | सदस्य |
| 7. डॉ. ए.के. दीक्षित, प्राध्यापक एवं संकायाध्यक्ष सामाजिक विज्ञान | सदस्य |
| 8. डॉ. टी.आर. रात्रे, प्राचार्य | सदस्य |
| 9. डॉ. शरद नेमा, प्राध्यापक | सदस्य |
| 10. श्री अभिषेक कुमार बाजपेयी, कुलसचिव | पदेन सचिव |

**विषय क्रमांक–1 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

कार्यपरिषद की 46वीं एवं 47वीं बैठक दिनांक 10.07.2023 एवं 17.08.2023 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि पर विचार।

**निर्णयः** कार्यपरिषद की 46वीं एवं 47वीं बैठक के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–2** (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)

कार्यपरिषद की 46वीं एवं 47वीं बैठक (आपात) दिनांक 10.07.2023 एवं 17.08.2023 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन पर विचार।

**निर्णयः** पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–3 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 14.09.2023 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए गये निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–4 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 20.09.2023 को आयोजित विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक में विचार हेतु रखे गये प्रस्ताव एवं विषयों पर लिए जाने वाले निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–5 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के प्रबंधन अध्ययनशाला में कार्यरत 05 संविदा सहायक प्राध्यापकों एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला में कार्यरत 02 संविदा सहायक प्राध्यापकों का नवीनीकरण किये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से नवीनीकरण किये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किया गया।.

**विषय क्रमांक–6 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

राज्य शासन के कर्मचारियों का पुनरीक्षित वेतनमान 2017 एवं पुनरीक्षित वेतनमान 2009 में दिनांक 01 जुलाई 2023 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते में वृद्धि अनुरूप शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए 01 जुलाई 2023 से लागू करने तथा माह अगस्त, 2023 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते में वृद्धि के साथ किये गये वेतन भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति एवं माह जुलाई, 2023 के एरियर्स भुगतान पर विचार।

**निर्णयः** शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में कार्यरत अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए 01 जुलाई 2023 से लागू करने तथा माह अगस्त, 2023 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते में वृद्धि के साथ किये गये वेतन भुगतान की कार्योत्तर स्वीकृति एवं माह जुलाई, 2023 के एरियर्स भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक–7 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के विभिन्न अध्ययनशालाओं में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में शैक्षणिक कार्य हेतु अतिथि व्याख्याता चयन हेतु गठित की गई चयन समिति द्वारा की गई संस्तुति पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से चयन समिति की संस्तुति के आधार पर निम्नलिखित चयनित अतिथि व्याख्याताओं को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया :–

| क्रमांक | विषय | अतिथि व्याख्याता चयन हेतु विज्ञापित किये गये पदों की संख्या | चयन समिति की संस्तुति अनुसार चयनित अतिथि व्याख्याता की संख्या | चयन समिति की संस्तुति अनुसार चयनित अतिथि व्याख्याता का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वानिकी एवं वन्यजीव | 1 | निरंक | कोई भी उपयुक्त नहीं पाया गया। |
| 2 | शिक्षा | 4 | 1 | 1. श्रीमती लक्ष्मी कोटरे<br>2. कोई भी उपयुक्त नहीं पाया गया।<br>3. कोई भी उपयुक्त नहीं पाया गया।<br>4. कोई भी उपयुक्त नहीं पाया गया। |
| 3 | राजनीति विज्ञान | 1 | 1 | 1. श्रीमती पूर्णिमा भट्टाचार्य चटर्जी |
| 4 | समाजकार्य | 1 | निरंक | कोई भी उपयुक्त नहीं पाया गया। |
| 5 | अंग्रेजी | 1 | 1 | 1. श्री गुरप्रीत सिंह सौंड |
| 6 | जैवप्रौद्योगिकी | 2 | 2 | 1. श्री नीलेश कुमार वर्मा<br>2. श्री प्रवीण लाउत्रे |
| 7 | कम्प्यूटर अनुप्रयोग | 1 | 1 | 1. सुश्री क्षमा रानी साहू |

यह निर्णय लिया गया कि अतिथि व्याख्याताओं के रिक्त पदों को वॉक–इन इन्टरव्यू के द्वारा भरा जायेगा।

**विषय क्रमांक–8 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग के वित्त निर्देश 23/2023 के अनुसार राज्य शासन के कर्मचारियों को पुनरीक्षित दरों पर गृह भाड़ा भत्ते के अनुरूप शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में कार्यरत नियमित अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी को माह अगस्त, 2023 से पुनरीक्षित दरों पर गृह भाड़ा भत्ते का भुगतान करने पर विचार।



20 SEP 2023

**निर्णयः** विश्वविद्यालय के नियमित अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग के वित्त निर्देश 23/2023 के अनुसार सी श्रेणी की अनुमति माह अगस्त, 2023 से पुनरीक्षित दरों पर गृह भाड़ा भत्ते का भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।

**विषय क्रमांक–9 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में कार्यरत अशैक्षणिक स्टॉफ को प्रथम समयमान वेतनमान के कार्योत्तर स्वीकृति करने की सूचना।

**निर्णयः** सूचना ग्रहण किया गया।

**विषय क्रमांक–10 (विश्वविद्यालय के स्थापना एवं प्रशासन विभाग का प्रस्ताव)**

छ.ग. शासन, वित्त विभाग के वित्त निर्देश 33/2023 दिनांक 12.09.2023 के द्वारा सीधी भर्ती के पदों पर 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि में प्रथम 3 वर्ष में क्रमशः वेतनमान के न्यूनतम का 70%, 80% एवं 90% स्टायपेण्ड दिये जाने के प्रावधान को समाप्त किये जाने पश्चात् शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के नवीन विनियम–91 में द्वितीय संशोधन करने पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक–11 (विश्वविद्यालय के भण्डार शाखा का प्रस्ताव)**

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के विनियम–108 के प्रावधान अनुसार केन्द्रीय क्रय समिति के सदस्य श्री धीरज नशीने, संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर के स्थान पर कार्यपरिषद के द्वारा अन्य सदस्य को केन्द्रीय क्रय समिति का सदस्य मनोनीत करने पर विचार।

**निर्णयः** श्री कमलेश रायस्त, संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन बस्तर जगदलपुर को केन्द्रीय क्रय समिति का सदस्य मनोनीत किया गया।

**विषय क्रमांक–12 (विश्वविद्यालय के अकादमिक विभाग का प्रस्ताव)**

शैक्षणिक सत्र 2023–24 में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं एवं संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं पी.जी. डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल में दिनांक 09.06.2023 से 08.09.2023 तक आवेदक छात्र/छात्राओं के ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन के संबंध में अनुबंधित फर्म एम.आई.सी.एस. भोपाल द्वारा प्रस्तुत देयक अनुसार जी.एस.टी सहित राशि रू. 35,72,196/– भुगतान करने पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–13 (विश्वविद्यालय के परीक्षा/गोपनीय विभाग का प्रस्ताव)**

वार्षिक परीक्षा मार्च–अप्रैल 2023 के ऑनलाईन परीक्षा फार्म, प्रवेश पत्र, आंतरिक/प्रायोगिक परीक्षा के अंक एंट्री, परीक्षा परिणाम प्रोसेसिंग, अंकसूची, टैबुलेशन रजिस्टर एवं अन्य परीक्षा/गोपनीय कार्य के समाप्ति पश्चात संबंधित फर्म के देयक क्रमांक 483, 484 एवं 485 दिनांक 04.09.2023 के अनुसार जी.एस.टी सहित कुल राशि रू. 96,57,948.36 रू. (छ्यानबे लाख सत्तावन हजार नौ सौ अड़तालीस रू.) भुगतान करने पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक–14 (विश्वविद्यालय के वित्त विभाग का प्रस्ताव)**

दिनांक 11.08.2023 को आयोजित वित्त समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023–24 के मुख्य बजट के परीक्षा मद के अन्तर्गत उत्तर पुस्तिका हेतु प्रावधानित राशि रू. 170.00 लाख में से राशि रू. 80.00 लाख प्रश्न पत्र प्रिटिंग/गोपनीय कार्य मद में समाहित करते हुए पुनर्विनियोजन करने का अनुशंसा किया गया है। जिसका स्वीकृति पर विचार।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।



20 SEP 2023

**विषय क्रमांक–15 (विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का प्रस्ताव)**

यू.जी.सी. रेग्यूलेशन 2018 के अंतर्गत कैरियर उन्नति योजना के प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालय के वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला एवं मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला में पदस्थ सहायक प्राध्यापकों का सह प्राध्यापक एवं सहायक ग्रंथपाल का उप ग्रंथपाल के पद पर अकादमिक ग्रेड वेतन रूपये 8000 से ग्रेड वेतन रूपये 9000 (तृतीय स्तर से चतुर्थ स्तर) में पदोन्नति के संबंध में आयोजित चयन समिति की बैठक दिनांक 11.08.2023 एवं 15.08.2023 की अनुशंसा संबंधी गोपनीय लिफाफा खोलकर चयन समिति की संस्तुतियों पर विचार।

**निर्णयः** चयन समिति की बैठक दिनांक 11.09.2023 एवं 15.09.2023 में की गई संस्तुति के आधार पर देयता तिथि से व्यैक्तिक प्रोन्नति प्रदान करने का निम्नवत निर्णय लिया गया :–

| क्रमांक | अध्ययनशाला / विभाग का नाम | सहायक प्राध्यापक एवं सहायक ग्रंथपाल का नाम | प्रोन्नति से पूर्व पद का नाम / स्टेज / ए.जी.पी. | प्रोन्नति प्रदान किया गया पदनाम / स्टेज / ए.जे.पी. |
|---|---|---|---|---|
| **साक्षात्कार एवं चयन समिति की बैठक दिनांक 11.09.2023** | | | | |
| 1 | मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला | डॉ. आनंदमूर्ति मिश्रा | सहायक प्राध्यापक (स्टेज III ) ए.जी.पी. 8,000 | देयता तिथि से सह प्राध्यापक (स्टेज IV ) ए.जी.पी. 9,000 |
| 2 | मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला | डॉ. सुकृता तिर्की | सहायक प्राध्यापक (स्टेज III ) ए.जी.पी. 8,000 | देयता तिथि से सह प्राध्यापक (स्टेज IV ) ए.जी.पी. 9,000 |
| **साक्षात्कार एवं चयन समिति की बैठक दिनांक 15.09.2023** | | | | |
| 1 | वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला | डॉ. विनोद कुमार सोनी | सहायक प्राध्यापक (स्टेज III ) ए.जी.पी. 8,000 | देयता तिथि से सह प्राध्यापक (स्टेज IV ) ए.जी.पी. 9,000 |
| 2 | वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला | डॉ. सजीवन कुमार | सहायक प्राध्यापक (स्टेज III ) ए.जी.पी. 8,000 | देयता तिथि से सह प्राध्यापक (स्टेज IV ) ए.जी.पी. 9,000 |
| 3 | विश्वविद्यालय ग्रंथालय | डॉ. संजय कुमार डोंगरे | सहायक ग्रंथपाल (स्टेज III ) ए.जी.पी. 8,000 | देयता तिथि से उप ग्रंथपाल (स्टेज IV ) ए.जी.पी. 9,000 |

**विषय क्रमांक–16 (विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय का प्रस्ताव)**

कार्यपरिषद की 46वीं बैठक दिनांक 10.07.2023 के विषय क्रमांक 29 में पारित निर्णय के परिपालन में शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर को सप्लाई किये गये 65 नग कम्प्यूटर्स की राशि के भुगतान के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु विश्वविद्यालय के आदेश क्रमांक 7191 / श.म.क.वि.वि. / 2023, जगदलपुर, दिनांक 21.07.2023 द्वारा तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन पर विचार।

**निर्णयः** भुगतान संबंधी गठित समिति की अनुशंसा को मान्य करते हुए निम्नलिखित शर्तों को संबधित विक्रेता / फर्म द्वारा स्वीकार करने के उपरांत भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

1. 65 नग कम्प्यूटर को सील बंद किये गये कक्ष को खोलने से पूर्व अनुविभागीय दण्डाधिकारी, जगदलपुर के माध्यम से पंचनामा कराया जाना होगा।
2. सभी कम्प्यूटर को चलित अवस्था में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना होगा।
3. भुगतान से पूर्व किसी भी न्यायालय एवं अन्य संस्थाओं में याचिका दायर किया गया हो तो प्रकरण वापस लिया जाना होगा।



20 SEP 2023

4. भुगतान पश्चात विधिक कार्यवाही हेतु किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं करेगा।
5. भुगतान की गई राशि के संबंध में ब्याज अथवा प्रस्तुत किये गये देयक के भुगतान के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के भुगतान का दावा प्रस्तुत नहीं किया जायेगा।
6. उपर्युक्त बिन्दुओं के संबंध में 50 रूपये के गैर न्यायिक स्टॉप पेपर में नोटरी कर शपथ पत्र फर्म को प्रस्तुत करना होगा।

**विषय क्रमांक–17**

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।

**विषय क्रमांक–1**

बैठक में कुलपति द्वारा सम्माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के शिक्षा अध्ययनशाला में कार्यरत रहें डॉ. सोहन कुमार मिश्र, सहायक प्राध्यापक संविदा की संविदा सेवा अवधि दिनांक 19.09.2023 को समाप्त हो गई है। संबंधित विभागाध्यक्ष से उनके कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन में विभागाध्यक्ष का मताकंन एवं अभिमत प्राप्त नहीं हुआ है। चूंकि बी.एड. में प्रवेश प्रक्रियाधीन है। अतः संबंधित विभागाध्यक्ष से उनके कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन में विभागाध्यक्ष का मताकंन एवं अभिमत प्राप्त होने पर उनके नवीनीकरण के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए कुलपति को अधिकृत किये जाने के लिए प्रस्ताव रखा गया।

**निर्णयः** सर्वसम्मति से अन्य सहायक प्राध्यापक संविदा के नवीनीकरण संबंधी प्रकरण पर की गई कार्यवाही अनुसार अग्रिम कार्यवाही के लिए कुलपति को अधिकृत किया गया।

**विषय क्रमांक–2**

विश्वविद्यालय परिसर के सौन्दर्यीकरण यथा गार्डन, लैंडस्केपिंग आदि कराये जाने संबंधी प्रस्ताव रखा गया।

**निर्णयः** उद्यानिकी विभाग एवं अन्य संस्थाओं से प्राक्कलन प्राप्त कर विश्वविद्यालय के बजट प्रावधान अनुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया।

(signature)
कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)

Manoj Kr. Awasthi
कुलपति 20.09.2023
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)



20 SEP 2023